आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484

जननायक सम्राट

बर्ष :12 अंक :265 पृष्ठ -4 दिंनांक 21 सितम्बर 2024 दिन शनिवार

सौ करोड़ हिन्दू हथियार उठा लेगा , तिरुपति मंदिर प्रसाद मामले पर महंत परमहंस दास की चेतावनी

तिरुपति मंदिर के प्रसाद में मिलावट पर महंत परमहंस दास ने जमकर गुस्सा निकाला

तिरुपति। बालाजी मंदिर के प्रसाद में मिलावट की खबरे सामने आने के बाद हड़कंप मच गया है. साधु संतों पर ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी है और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है. वहीं अयोध्या के तपस- वी छावनी के जगद्गुरु परमहंस आचार्य महाराज इस घटना को लेकर बुरी तरह भड़क गए हैं. उन्होंने चेतावनी दी है कि या तो केंद्र सरकार भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित करे नहीं तो सौ करोड़ हिन्दू हथियार उठाने को मजबूर हो जाएंगे. तिरुपति मंदिर के प्रसाद में मिलावट पर महंत परमहंस दास ने जमकर गुस्सा निकाला और कहा कि बंटवारे के बाद जो भारत बचा है उसे सरकार तत्काल हिन्दू राष्ट्र घोषित करे, नहीं तो अब सौ करोड़ हिन्दू हथियार उठाएगा. प्रसाद के नाम से गोमांस खिलाया जा रहा है. महंत परमहंस दास ने दी चेतावनी उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को बहुमत जो मिला है वो बहुसंख्यक समाज का है. भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिए हैं. गाय संपूर्ण विश्व की मां है. हमारी संस्कृति वैदिक संस्कृति है. महंत ने पूछा कि गोमांस लड्डू में कैसे मिल गया? अगर केंद्र सरकार इस पर सख्त नहीं हुई तो सौ करोड़ हिन्दू हथियार उठाएगा और भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाएगा. महंत परमहंस दास ने कहा कि मैं बहुत दुखी हूं कि विश्व प्रसिद्ध बालाजी मंदिर के प्रसाद में गोमांस कैसे मिल गया? अभी तक इस पर क्या कार्रवाई हुई है? वहां से अयोध्या में भी एक लाख लड्डू आए थे रामलला के मंदिर में, जिन्हें साधु संतों को बाँटा गया. इसलिए केंद्र सरकार हिन्दुओं के हथियार उठाने से पहले हिन्दुओं को न्याय दे दे.

बता दें कि आंध्र प्रदेश के तिरुपति बालाजी मंदिर में मिलने वाले लड्डुओं के प्रसाद में मिलावट होने का दावा किया गया है. लैब टेस्ट रिपोर्ट में प्रसाद में जानवरों की चर्बी और मछली का तेल मिले होने की बात सामने आई है. जिसके बाद देश की सियासत गरमा गई है. वहीं दूसरी तरफ साधु संतों में भी इसे लेकर खासी नाराजगी देखने को मिल रहा है. दावा ये भी है कि अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के समय भी तिरुपति ट्रस्ट की ओर से तीन टन लड्डू भेजे गए थे. जिन्हें श्रद्धालुओं में वितरित किया गया था.

10 गायों की मौत के बाद मचा बवाल, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने लगाया आरोप

मुरादाबाद में सरकारी गौशाला में एसडीएम ने 4 गायों के मरने की पुष्टि की है.

उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में सरकारी गौशाला में ठीक से देखरेख न होने के कारण 10 गायों को मरने के बाद चुपचाप दबा दिया गया. बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया और हंगामा किया. जिसके बाद मौके पर पहुंची एसडीएम ने ठाकुरद्वारा में 4 गायों के मरने की पुष्टि करते हुए बताया कि लगातार हुई बारिश के कारण गायों को ठीक मिट्टी में दबाया नहीं गया था. उनके शव दिखाई दे रहे थे, उनको दोबारा ससम्मान निस्तारण कराया जायेगा. लापरवाही के मामले की रिपोर्ट भेजी जा रही है.बजरंग दल के नेताओं का आरोप है कि गौशाला में भ्रष्टाचार हो रहा है और गाये भूख से मर रही हैं. वही एसडीएम ने मौत का कारण बीमारी बताया है. मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा तहसील क्षेत्र के गांव राघूवाला वाला में स्थित गौशाला में लगभग 10 गोवंशों की संदिग्ध मौत हो गई थी. बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया और जांच कर कार्यवाही की मांग की. बजरंग दल के नेताओं का आरोप है कि गौशाला के अंदर जितनी भी गाय वहां रहती हैं किसी को भी ठीक से चारा नहीं मिल पा रहा है. सबके नादें खाली पाई गई और इस प्रकार वहां पर बदबू फैल रही है. जांच के बाद कानूनी कार्रवाई हो वहीं मौके पर मौजूद लोगों ने गायो को हरा चारा नहीं होने की बात भी कही हैं. साथ ही गोशाला में बड़ी भयंकर बीमारी गांव के अंदर हो सकती है. बीडीओ ग्राम प्रधान की बहुत बड़ी लापरवाही देखने को मिल रही है. मोदी सरकार से जब पैसा आ रहा है, गौशाला के लिए तो ग्राम प्रधान गौशाला पर अच्छी सुविधा क्यों नहीं दे पा रहे हैं. इतनी बड़ी लापरवाही में जो लोग इसमें लिप्त है. उनकी जांच कर उन सब पर कानूनी कार्रवाई हो.

बजरंग दल ने सभी पर कार्रवाई की मांग की है

लापरवाही बरतने वालों पर होगी कार्रवाई गौशाला के नाम पर लोग पैसा कमा रहे हैं और गाय को कोई सुविधा नहीं मिल रही हैं. अगर जल्द कार्रवाई नहीं होती है तो बजरंग दल कार्यकर्ता तहसीलमुख्यालय पर उग्र आंदोलन करेंगे. इस दौरान विश्व हिंदू परिषद जिला महामंत्री पंकज जिला ने बताया कि 10 गये मृत पाई गई है. उपजिलाधिकारी ठाकुरद्वारा का कहना है कि मौके पर उन्होंने निरीक्षण किया इस दौरान उन्हें चार मृत गाय के शव दिखाई दिए है. फिलहाल उपजिलाधिकारी ठाकुर द्वारा ने लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई की बात कही है.

आपत्तिजनक वीडियो वायरल होने पर नाबालिग छात्रा ने लगाई फांसी, परिजनों का शिकायत करने से इनकार

मेरठ। में एक युवक ने पहले एक किशोरी को प्रेम जाल में फंसाया फिर उसकी अश्लील वीडियो बनाई और उसके बाद उस वीडियो को वायरल कर दिया. इससे किशोरी इतनी आहत हुई कि फांसी लगाकर अपनी जान दे डाली. पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम भी नहीं कराया और अंतिम संस्कार कर दिया. पड़ोसी युवक की इस शर्मनाक हरकत से हर कोई स्तब्ध है.दरअसल पूरा मामला मेरठ के लोहिया नगर थाना इलाके के एक गांव का है. यहां रहने वाले एक शख्स सिक्योरिटी गार्ड हैं, उनकी 16 साल की बेटी कक्षा 11 में पढ़ती थी. दूसरी जाति के पड़ोसी युवक ने लड़की को बहलाया फुसलाया और अपने जाल में फांस लिया, इसके बाद उसकी अश्लील वीडियो बना ली. वीडियो दिखाकर छात्रा को ब्लैकमेल किया जाने लगा. बार–बार मोबाइल फोन में छात्रा को उसकी अश्लील वीडियो दिखाकर ब्लैकमेल किया जा रहा था. इससे छात्रा बेहद परेशान हो गई और अंदर से टूटती जा रही थी.सोशल मीडिया पर वीडियो कर दी वायरल बताया जा रहा है कि छात्रा की अश्लील वीडियो दिखाकर उसे ब्लैकमेल किया जा रहा था. छात्रा जब बेहद परेशान हो गई तो उसने किसी भी बात को मानने से इंकार कर दिया. बस फिर क्या था छात्रा की अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी गई, पिछले 12 दिनों में ये वीडियो गांव और आसपास के न जाने कितने लोगों के मोबाइल फोन पर पहुंच गई. परिजनों को भी पता चला तो उन्होंने भी लोकलाज के भय से कोई कार्रवाई नहीं की.स्कूल जाना छोड़ा और घर में ही लगा ली फांसीछात्रा की अश्लील वीडियो वायरल होने के बाद उसपर कुछ लोग फब्तियां कसने लगे थे, इससे छात्रा बेहद तनाव में आ गई थी. पिता अपनी ड्यूटी पर चले गए और मां घर में ऊपरी मंजिल पर काम कर रही थी.तभी छात्रा ने निचले माले पर फांसी लगाकर जान दे दी.छात्रा की मां कमरे में पहुंची तो बेटी को फांसी के फंदे पर लटका देखकर उसकी चीख निकल गई.जैसे तैसे शव फांसी के फंदे से उतारा गया. बताया जा रहा है आरोपी पक्ष दबंग है और आरोप है कि आरोपी पक्ष ने पीड़ित परिवार को डराया और कार्रवाई न करने की धमकी भी दी.परिजनों ने नहीं कराया पोस्टमार्टमछात्रा की मौत के बाद परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया और बिना पोस्टमार्टम के ही शव ले गए और अंतिम संस्कार कर दिया. बताया जा रहा है परिवार के लोग बड़े डरे और सहमे हुए हैं.

लोहियानगर थाना इलाके के जिस गांव में ये घटना हुई है पूरे गांव में तरह तरह की चर्चाएं चल रही है.इस घटना को लेकर लोग सहमे भी हैं और आरोपी पक्ष को लेकर गुस्से में भी है, कि पड़ोसी का फर्ज पड़ोसी की मदद करना होता है न कि ऐसा गहरा जख्म देना.क्या बोले सीओ आशुतोष कुमार इस पूरे मामले पर सीओ कोतवाली आशुतोष कुमार का कहना है कि किशोरी के सुसाइड की खबर के बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी, लेकिन परिजनों ने किसी भी कार्रवाई से इंकार दिया.परिजनों ने अभी तक भी कोई तहरीर नहीं दी है.परिजन फिलहाल कार्रवाई नहीं करना चाहते हैं, यदि तहरीर देंगे तो मुकद्दमा दर्ज कर कार्रवाई करेंगे।

नाम बदलकर मुस्लिम युवक ने नाबालिग को प्रेमजाल में फंसाया अगवा कर धर्मांतरण की कोशिश

POLICE STATION RAYA

उत्तर प्रदेश के मथुरा में लव जिहाद का मामला सामने आया है. जहां दूसरे संप्रदाय के लड़के पर नाबालिग हिन्दू लड़की को प्रेम जाल में फंसाकर अगवा करने और धर्मांतरण की कराने का आरोप लगा है. पुलिस ने लड़की के परिजनों की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर ली है. मामले की जांच की जा रही है. लड़की की तलाश की जा रही है.ये घटना मथुरा के थाना राया क्षेत्र स्थित गांव कटैला की बताई जा रही है, जहां नाबालिग छात्रा के परिजनों ने समुदाय विशेष के युवक पर लगाया लव जिहाद का आरोप लगाया है. परिजनों का कहना है कि आरोपी युवक प्रवीण खान ने अपना बदलकर उनकी बेटी से दोस्ती की और उसे प्रेम जाल में फंसा लिया. आरोपी ने अपना नाम बादल बताया था. बादल बनाकर प्रवीण खान ने प्रेमजाल में फंसाया परिजनों ने तहरीर बताया कि प्रवीण खान ने बादल बनकर नाबालिग से दोस्ती की और प्रेम जाल फंसाकर निकाह कर लिया.

उन्होंने लड़की को अगवा कर धर्मांतरण का भी आरोप लगाया. पुलिस ने नाबालिग के परिजनों की शिकायत पर आरोपी युवक प्रवीण खान और उसके परिवार समेत आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है, परिवार का आरोप है कि उसका परिवार लव जिहाद का गैंग चलाता है. पुलिस शिकायत दर्ज कर आगे की छानबीन में जुट गई है. पुलिस अब तक अगवा नाबालिग को बरामद नहीं कर पाई है. आरोपियों की भी तलाश की जा रही है, इस घटना को लेकर ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश देखने को मिल रहा है. वहीं अब हिन्दू संगठन भी एक्टिव हो गए हैं. हिन्दू कार्यकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन से इस मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की है. उन्होंने कहा कि अगर जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो वो इसके विरोध में सड़क पर उतर आएंगे. मामले की जांच के लिए पुलिस की टीमों का गठन कर दिया गया है.

सोशल मीडिया अकाण्ट
JNS NEWS 24
जननायक सम्राट समाचार पत्र
सोशल मिडिया एंव विज्ञापन हेतु संम्पर्क करे।
शुभकामनायें संदेश
जंयती पुण्यतिथि
चुनावी संदेश
राजनीति मुददे
महत्वपूर्ण दिवस
राष्ट्रीय पर्व
JNS JANNAYAK SAMRAT NEWS 24
अखबार में विज्ञापन लगवायें।
नाम परिवर्तन सूचना,बैनामा,जायदाद से बेदखल संबध विच्छेद,खोया पाया,जंयती पुण्यतिथि शुभकामनायें संदेश,महत्वपूर्णदिवस,हेतू संम्पर्क करे।
अमित कुमार वर्मा (सम्पादक) 8218049162
वीरेंद्र सिंह (उपसंम्पादक) 9870916612
किशनपुर होली चौक अलीगढ़
jnsnews24

दिल्ली के नबी करीब इलाके में फर्नीचर शोरूम में लगी, 10 दमकल गाड़ियां मौके पर, 44 लोगों की बचाई जान

फायर ब्रिग्रेड की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया

दिल्ली के नबी करीम इलाके में जयदुर्गा धर्मकांटे के पास एक फर्नीचर शोरूम में आग लगने का मामला सामने आया है. आग लगने की सूचना पर तुरन्त पुलिस और फायर बिग्रेड़ की टीम मौके पर पहुंची और आसपास की बिल्डिंग के शटर तोड़कर करीब 44 लोगों को बाहर निकाल लिया गया. पुलिस की सूझबूझ से लोगों की जान बच गई. आग किस वजह से लगी इसके कारणों का पता लगाया जा रहा है. कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि सूचना के आधार पर टेंडर की 10 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया, जिन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया. वहीं, आग कैसे लगी और कितना नुकसान हुआ इसको लेकर फिलहाल जानकारी नहीं मिल पाई है. आगजनी की घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है. आग में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है. लेकिन आग लगने की वजह से फर्नीचर कारखाना पूरी तरह जलकर राख हो गया. पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है. पिछले महीने अगस्त में भी दिल्ली में आग लगने की घटना सामने आई थी.

दक्षिण दिल्ली की जगबीर कॉलोनी में एक बिल्डिंग में आगलग गई थी. पार्किंग में लगी आग देखते ही

देखते पूरी तरह फैल गई थी. जिसकी वजह से बल्डिंग की ऊपरी मंजिल पर रह रहे लगभग 2 दर्जन लोग उसमें फंस गए थे. सूचना मिलने पर फायर टेंडर की 3 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया था. जिन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया. दमकल कर्मियों ने वहां फंसे लोगों को भी सुरक्षित बाहर निकाल लिया. इस घटना में बच्चों और महिलाओँ समेत 14 लोग घायल हुए थे.

छत से बरस रहे थे पत्थर और नीचे से चल रही थीं ताबड़तोड गोलियां, दो भाईयों के बीच हुआ खूनी संघर्ष

मेरठ | पुश्तैनी मकान को लेकर मेरठ के शास्त्रीनगर इलाके में हुए पथराव और फायरिंग की घटना के बाद पुलिस के फोन घनघना उठे. सीओ सिविल लाइंस अभिषेक तिवारी भी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे.मेरठ में प्रॉपर्टी विवाद ने दो भाइयों में खूनी संघर्ष करा दिया, संघर्ष भी ऐसा हुआ कि जिसे देखकर लोगों की रूह कांप रही है. पत्थरबाजी भी आमने–सामने से हो रही थी और गोलीबारी भी. आरोप दोनों तरफ से बड़े–बड़े लगाए जा रहें हैं, लेकिन हर खौफनाक तस्वीर कैमरे में कैद हो गई. दोनों भाइयों के परिवार आपस में ऐसे लड़ रहे थे जैसे न जाने कबसे एक दूसरे के खून के प्यासे हैं. हर तरफ से पत्थरों की और गोलियों की बरसात कॉलोनी में खौफ बरपाने वाली थी.

यह मामला मेरठ के नौचंदी थाना क्षेत्र के पॉश इलाके शास्त्रीनगर सेक्टर एक का है. यहां दो भाईयों सतेन्द्र और शैलेन्द्र में पुश्तैनी मकान को लेकर विवाद चल रहा है. दोनों ही पक्ष अपना–अपना मजबूत दावा ठोक रहें हैं. सुबह किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी, लेकिन ये कहासुनी खूनी संघर्ष में तब्दील हो गई. मारपीट हुई और फिर देखते ही देख ईंट और पत्थर बरसने लगे. गोलियां चलने लगी और गोलियों की आवाज से पूरी गली ही नहीं बल्कि इलाका दहल उठा. गली में भगदड़ मच गई और शोर मचाते हुए लोग इधर–उधर भागने लगे.मेरठ के शास्त्रीनगर इलाके में लाइव बवाल की एक–एक तस्वीर दबंगई की कहानी बयां करती नजर आ रही है. पिंक शर्ट पहने एक शख्स नीचे से एक के बाद एक गोलियां चला रहा है, उसे न पुलिस का डर है और न कानून का खौफ. गोली चलाता ये शख्स मोबाइल फोन में कैद हो गया. उपर की तरफ से ताबड़तोड पत्थरों की बरसात हो रही है. तीसरी तस्वीर भी बड़ी भयानक है. एक शख्स हाथ में डंडा लेकर घर के बाहर खड़ी कार पर बरसा रहा है, पहले कार का शीशा तोड़ा और उसके बाद गाड़ी पर कई अन्य जगह भी डंडे से तोड़फोड कर डाली. सोशल मीडिया पर ये तमाम वीडियो वायरल हो रही हैं.खौफ में हैं गली के लोग शास्त्री नगर इलाके की गिनती शहर के पॉश इलाके में होती है, लेकिन इस इलाके में जिस तरीके से दो भाईयों सतेन्द्र और शैलेन्द्र पक्ष के बीच विवाद के बाद पथराव और गोलियां चली उससे कॉलोनी के लोग खौफ के साए में हैं. वो डरे हुए हैं कि जिस तरीके से गोलियां चल रही थी, यदि आस पास किसी शख्स को लग जाती तो कौन जिम्मेदार होता. न पत्थरबाजी करने वालों में खौफ था और न गोली चलाने वालों में.

इसमें चार लोगों को घायल होने की खबर है, सभी लोग पत्थर लगने से घायल हुए हैं किसी का सिर फूट गया और किसी के हाथ और पैर में चोट है. मेरठ में इस बवाल की वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहीं हैं.पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लिया पुश्तैनी मकान को लेकर मेरठ के शास्त्रीनगर इलाके में हुए पथराव और फायरिंग की घटना के बाद पुलिस के फोन घनघना उठे. नौचंदी थाना पुलिस भी पहुंची और सीओ सिविल लाइंस अभिषेक तिवारी भी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए. जैसे–तैसे स्थिति संभाली गई और गलियों में और घरों में पत्थर ही पत्थर नजर आ रहे थे और गोलियों के खोखे पड़े हुए थे, खून के निशान भी थे. सीओ सिविल लाइंस अभिषेक तिवारी ने बताया कि पुश्तैनी मकान को लेकर दो भाईयों में विवाद है, कुछ वीडियो फुटेज मिली हैं और सीसीटीवी भी खंगाल रहें हैं. दोनों एक दूसरे पर आरोप लगा रहें हैं, कुछ लोगों को हिरासत में लिया है और हम सख्त एक्शन लेंगे.

कार में गोवंश को लादकर ले जा रहे थे गौ-तस्कर, फिर पुलिस से हुआ सामना और चली गोली

मेरठ में गौ तस्कर गोकशी के लिए नए-नए तरीके अपना रहे हैं. कार की डिग्गी में बछिया को कटान के लिए ले जा रहे गो तस्करों का पुलिस से आमना-सामना हो गया. इस दौरान पुलिस और गो तस्करों के बीच मुठभेड़ हो गयी. जिसमें दो गो तस्कर पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गए. पुलिस को इन पकड़े गए दो गो तस्करों से पूछताछ में कई बड़ी और अहम जानकारियां भी हाथ लगीं हैं.

मेरठ पुलिस को सूचना मिली थी कि दौराला थाना इलाके के मामुरी गांव के पास गो तस्कर गोकशी करने जा रहें हैं. इस पर दौराला और फलावदा थाना पुलिस ने बदमाशों की धरपकड़ के लिए घेराबंदी कर डाली. सामने से डस्टर कार आती हुई देखकर पुलिस ने कार को रूकने का इशारा किया तो गो तस्करों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी और कार को दौड़ा दिया. आगे से पुलिसकर्मियों ने भी फायरिंग कर डाली तो बदमाश कार को खेत की तरफ ले गए और भागने लगे और फिर पुलिस और बदमाशों में मुठभेड़ शुरू हो गई. गोलियों की आवाज थमी तो बदमाश पुलिस की गोली से घायल हो गए थे.दो बदमाशों के पैर में लगी गोली और दो भाग निकलेपुलिस की गोली दो बदमाशों अकरम और रिहान के पैर में लगी और दो बदमाश पुलिस की घेराबंदी तोड़कर फरार हो गए. अकरम मेरठ के सरूरपुर और रिहान मेरठ के फलावदा थाना इलाके का रहने वाला है और दोनों गोकशी की कई घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं. इनके दोनों साथियों की गिरफ्तारी के लिए भी पुलिस ने खेतों में काम्बिंग की, लेकिन दोनों बदमाश फरार हो गए. पुलिस ने अकरमल्ल और रिहान से दोनों बदमाशों के बारे में जानकारी जुटा ली है और उनकी गिरफ्तारी के लिए भी पुलिस दबिश दे रही है.गो तस्करों ने गो तस्करी और गोकशी करने के लिए पुलिस से बचने के लिए नए–नए तरीके खोज लिए हैं. अभी कुछ दिन पहले किसान बनकर रात के वक्त बैल के गो. कशी के लिए ले जा रहे गो तस्करों से भी पुलिस की मुठभेड़ हुई थी और अब बछिया को गो तस्करी के लिए ले जा रहे गो तस्करों से मुठभेड़ हुई है. इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि गो तस्करी के बाद मीट को ठिकाने लगाने के लिए भी इन गो तस्करों के बड़े इंतजाम हैं. हालांकि अभी तक पुलिस के वो लोग हत्थे नहीं चढ़े हैं जो इस मीट की डिमांड करते हैं या फिर सप्लाई करते हैं.कार की डिग्गी में बछिया देखकर चौंकी पुलिसपुलिस मुठभेड़ में घायल अकरम और रिहान जिस डस्टर कार से पुलिस पर फायरिंग करके भागे थे, पुलिस ने जब उस गाड़ी की तलाशी ली तो ये देखकर चौक गए कि कार की डिग्गी में गाय की काले रंग की बछिया थी, जिसके पैर बांधकर उसको डिग्गी में ठूस रखा था. पुलिस ने गोकशी करने के समान, दो तमंचे, तीन कारतूस और चार खोखे भी बरामद किए हैं. एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह का कहना है कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने जब चौकिंग की तो कार सवारों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी थी. ये पूरा गैंग कई गोकशी की घटनाओं को अंजाम दे चुका है, बाकी साथी भी जल्द पुलिस की गिरफ्त में होंगे.

आवश्यकता है
हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र **जन नायक सम्राट** के लिये जिला ब्यूरो चीफ, मण्डल ब्यूरो चीफ, ब्लॉक ब्यूरो एवं संवाददाता की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें–
अमित कुमार वर्मा
सम्पादक
मो. 8218049162, 8273402499

जन नायक सम्राट
हिन्दी साप्ताहिक
मालिक, मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंग प्रेस, अचल ताल, अलीगढ़ से मुद्रित कराकर कार्यालय सरोज नगर, गली नम्बर 5, अलीगढ़ से प्रकाशित।
सम्पादक
अमित कुमार वर्मा
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायालय ही होगा।

धारावी मस्जिद मामले में बड़ा खुलासा, भड़काऊ पोस्ट वायरल कर बाहर से लाई गई थी भीड़?

मुंबई के धारावी में मस्जिद में हुए कथित अवैध निर्माण को हटाने के लिए शनिवार सुबह के वक्त बीएमसी की टीम पहुंची. टीम के पहुंचते ही बड़ी संख्या में भीड़ जुट गई. उनके वाहन पर भी हमला किया गया और उसका शीशा तोड़ दिया गया. लोग बीएमसी की कार. वाई का विरोध कर रहे थे. अब इस मामले में बड़ा खुलासा हुआ है. मुंबई पुलिस का कहना है कि धारावी पुलिस स्टेशन तक करीब 5 हजार लोगों की भीड़ इकठ्ठा हो गई थी. इस भीड़ में कई बाहरी लोग भी थे. धारावी के बाहर से आए इन लोगों की पहचान पुलिस कर रही है. यह बातें भी जांच में सामने आई हैं कि बीएमसी की तोड़क कार्रवाई के खिलाफ भीड़ को इकट्ठा होने के लिए भड़काऊ पोस्ट और वीडियोज बनाए गए थे. शुक्रवार रात से इन पोस्ट और वीडियोज को वायरल किया जाने लगा था.पुलिस ने मामले में दर्ज की एफआ. ईआर

पुलिस ने इन भड़काऊ पोस्ट और वीडियो को चिह्नित कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है. धारावी पुलिस ने गैरकानूनी तरीके से भीड़ को इकठ्ठा करने और बीएमसी की गाड़ी में तोड़फोड़ (सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने) से संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है. भड़काऊ पोस्ट लिखने वालों की तलाश शुरूसुबह के वक्त धारावी में मस्जिद के इलाके में भारी भीड़ जुट गई थी जिससे वाहनों का आवागमन प्रभावित हुआ. प्रदर्शनकारी सड़क पर बैठ गए थे. इसके बाद पुलिस की टीम आई और उन्हें समझाने की को. शिश की गई. उनसे अपील की गई कि वे साइड हो जाएं ताकि वाहन निकल सकें. उन्हें समझाने के लिए स्थानीय लोग भी आगे आए. मस्जिद को भेजा गया था नोटिसबताया जा रहा है कि यह 60 साल पुरानी मस्जिद है जिसमें बारिश के कारण पानी घुस जाता था. इसके मरम्मत का काम किया गया. इसमें एक मंजिला और जोड़ दिया गया था. निर्माण का यह काम हाल ही में पूरा हुआ है. मस्जिद को पहले भी नोटिस भेजा गया था।

स्वच्छता ही सेवा-2024 पखवाड़ा के तहत 01 अक्टूबर तक संचालित होगा विशेष अभियान

डीपीआरओ ने कार्ययोजना बनाकर सफाई कर्मियों को आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

अलीगढ़ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की 10वीं वर्षगाँठ पर श्स्वच्छता ही सेवा–2024श पखवाड़ा 17 सितम्बर से 01 अक्टूबर तक मानाया जा रहा है, जिसमें प्रत्येक ग्राम पंचायत में ब्लैक स्पॉट, स्वच्छता लक्षित इकाई (सीटीयू) एवं गन्दगी के ढेर को चिन्हित कर स्वच्छता ही सेवा पोर्टल पर अपलोड करना है। इसके साथ ही चिन्हित सीटीयू को उसी दिवस या अगले दिन सफाई कर्मियों द्वारा साफ करना है, उस स्थान पर दोबारा कूडा न पडे इसके लिए प्रधान व सचिसे समन्वय कर वहाँ पर वृक्षारोपण या बैंच लगवायी जा सकती है।जिला पंचायतराज अधिकारी धनंजय जायसवाल ने उक्त जानकारी देते हुए सभी सफाई कर्मियों को आदेशित किया है कि प्रतिदिवस कम से कम 02 सीटीयू को चिन्हित कर सफाई करें और कार्य के पहले और कार्य के बाद की फोटो अपने मोबाइल या पंचायत सहायक के मोबाइल से विकास खण्ड पर एसबीएम के खण्ड प्रेरक या आपरेटर को भेजें ताकि फोटो को वेबसाईड पर अपलोड किया जा सके। उन्होंने बताया कि 01 अक्टूबर तक संचालित होने वाले इस अभियान में सर्वाधिक सीटीयू गुणवत्ता पूर्ण तरीके से साफ करने वाले सफाई कर्मियों को 02 अक्टूबर को सम्मानित भी किया जायेगा। प्रधान व सचिव इस कार्य का दैनिक अनुश्रवण करेंगे व सहायक विकास अधिकारी (पं०) प्रतिदिन की रिपोर्ट देखेंगे, जिन सफाई कर्मियों द्वारा इस आदेश का अनुपालन नहीं किया जायेगा उनके विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने अभियान के तहत कार्ययोजना की जानकारी देते हुए बताया कि 22 सितम्बर को प्रत्येक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के परिसर व आस पास, 23 सितम्बर को प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय व उच्च प्राथमिक विद्यालय के परिसर व आस पास एवं 24 सितम्बर, 2024 को प्रत्येक ऑगनवाडी केन्द्र परिसर व आस पास सीटीयू साफ किये जायेंगे। उन्होंने उक्त आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

कृषि विभाग की संयुक्त टीमों ने कीटनाशक प्रतिष्ठानों पर की छापेमारी

अलीगढ़ जिलाधिकारी विशाख जी0 के आदेश के अनुपालन में कृषकों को उच्च गुणवत्तापूर्ण कृषि रक्षा रसायन उपलब्ध कराने के लिए जिले में संचालित कृषि रक्षा रसायन प्रतिष्ठानों पर कृषि एवं संबद्ध विभागो की अंतर विभागीय टीम द्वारा आकस्मिक छापेमारी की कार.
'वाई की गई।जला कृषि अधिकारी धीरेन्द्र चौधरी द्वारा तहसील खैर एवं इगलास एवं जिला कृषि रक्षा अधिकारी अमित जायसवाल द्वारा तहसील कोल, गभाना एवं अतरौली के प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण करते हुए संदिग्ध कृषि रक्षा रसायनों का नमूना आहरण किया गया। टीम द्वारा प्रतिष्ठान स्वामियों को निर्देशित किया गया कि वह कृषकों को अनिवार्य रूप से रसीद दें एवं समसामायिक फसलों पर लगने वाले कीट रोगों पर वैज्ञानिक संस्तुति के आधार पर ही कृषि रक्षा रसायन उपलब्ध कराएं। इसके साथ ही वर्तमान समय में बासमती धान पर प्रतिबंधित कीटनाशक कृषि रक्षा रसायन ट्राइसाइकलाजोल, बुप्रोफेजिन, एसीफेट, क्लोरपाइरीफोस हेक्साकोनोजोल, प्रोपिकोनाजोल, थायामेथक्साम, प्रोफेनेफॉस, इमिडाकलोप्रिड, कार्बण्डाजिम की बिक्री पर शासन से प्रतिबंध की जानकारी दी गई एवं कृषको को इनके प्रतिस्थानी रसायन उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया गया।जिला कृषि रक्षा अधिकारी द्वारा पालीमुकीमपुर में छापे के दौरान दुकान बन्द करके भाग गए प्रतिष्ठान स्वामी मैसर्स– रूद्र कृषि भण्डार एवं बाढ़ौल में झिलमिल कृषि रक्षा केन्द्र को नोटिस दिया गया। संयुक्त टीमों द्वारा जिले में 29 प्रतिष्ठानों पर छापे की कार्रवाई की गई एवं 16 संदिग्ध कीटनाशकों के नमूने ग्रहित कर विश्लेषण के लिए राजकीय गुण नियंत्रण प्रयोगशाला में प्रेषित किए गए हैं। जिनके परिणाम प्राप्त होने पर अधोमानक की दशा में कीटनाशक अधिनियम 1968 की धारा 29 के अंतर्गत विधिक कार्रवाही की जाएगी।

थाना सासनी पुलिस व एसओजी टीम की संयुक्त कार्यवाही में सुहानी गैस गोदाम पर हुई चोरी का किया खुलासा

हाथरस। 29.6 को सुल्तान सिंह पुत्र पन्नालाल निवासी नगला उम्मेद थाना हाथरस गेट जनपद हाथरस द्वारा थाना सासनी पर लिखित तहरीर के माध्यम से सूचना दी कि उनके सुहानी एचपी गैस गोदाम से अज्ञात चोर द्वारा एक आयशर ट्रैक्टर लाल रंग सहित गैस सिलेण्डर भरे हुए की चोरी कर लिया है। तथा 20.7.2024 को ओमवीर सिंह पुत्र मुरारीलाल निवासी खातीखाना थाना कोतवाली नगर जनपद हाथरस द्वारा थाना सासनी पर लिखित तहरीर के माध्यम से सूचना दी कि वह एचपी सुहानी गैस गोदाम महमूदपुर बरसै में देखरेख का काम करते है, 19द्20.07.2024 की रात्रि को उनके गोदाम से अज्ञात चोरों द्वारा सिलैण्डरों से भरी हुई बुलैरो संख्या न्च 87 ज 0749 को चोरी कर ली गई है । उक्त दोनों घटनाओं के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना सासनी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था । पुलिस अधीक्षक निपुण अग्रवाल द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक थाना सासनी को घटना का अनावरण कर अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया था । सर्विलांस व एसओजी टीम को भी लगाया गया था । जिसके क्रम में पुलिस टीम के कठिन परिश्रम व अथक–प्रयासोपरान्त, सर्विलांस सेल की टेक्निकल इंटेलिजेंस, सीसीटीवी कैमरे आदि से प्राप्त लाभप्रद सूचना संकलन की गयी । जिसके क्रम में शनिवार 21 सितम्वर को थाना सासनी पुलिस व एसओजी टीम की संयुक्त कार्यवाही में मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए उक्त मुकदमे से सम्बन्धित पांच अभियुक्तगण को इग्लास रोड गोकुलधाम के पास खाली सुनसान जगह से गिरफ्तार किया गया है । जिनके नाम उमाशंकर पुत्र नीरज शर्मा निवासी गारवगढ़ी थाना सासनी , लोकेश पुत्र रमेश निवासी गारवगढ़ी थाना सासनी, शैन्की दीक्षित पुत्र योगेन्द्र दीक्षित निवासी ग्राम रहना थाना हाथरस गेट, उमेश कुमार पुत्र विनोद कुमार निवासी ग्राम रूहेरी थाना हाथरस गेट, विवेक कुमार पुत्र बौबी कुमार निवासी ग्राम गारवगढ़ी थाना सासनी जनपद हाथरस है। जिसके कब्जे से चोरी किये हुए 55 गैस सिलेण्डर भारत, इण्डेन, एचपी कम्पनी बरामद हुए है । अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सासनी पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तार अभियुक्तगण द्वारा पूछताछ करने पर अपने जुर्म का इंकबाल करते हुये बताया कि हम लोगों ने अपने सहअभियुक्त राहुल चौधरी पुत्र बिजेन्द्र चौधरी निवासी ग्राम रूहेरी थाना हाथरस गेट के साथ मिलकर सुहानी गैस गोदाम बरसै से करीब 3 माह पूर्व 29.06.2024 की रात्रि में एक ट्रैक्टर सहित गैस सिलेण्डर भरे हुए चोरी किये थे जिनमें से कुछ सिलेण्डर हम लोगों ने बेच लिये है जिनसे प्राप्त रूपये हम लोगों ने आपस में बांट लिये थे । तथा ट्रैक्टर सहअभियुक्त राहुल चौधरी को दे दिया था । तत्पश्चात हम लोगों ने मिलकर 20.07.2024 की रात्रि में दूसरी बार उक्त गैस एजेन्सी से बुलैरो गाडी संख्या न्च 87 ज 0749 सहित गैस सिलेण्डर भरे हुए चोरी किये थे । जिनमें से भी हम लोगों ने 25 गैस सिलेण्डर बेच दिये है, जिनसे प्राप्त रूपये हम लोगों ने आपस में बांट लिये थे । प्राप्त रूपये हम लोगों द्वारो अपनी भौतिक जरूरतों को पूरा करने में खर्च कर दिये है । आज ये सिलेण्डर हम लोग बेचने के लिये जा रहे थे द्यउक्त घटना में गिरफ्तार अभियुक्तगणों के आपराधिक इतिहास के संबंध में विस्तृत जानकारी की जा रही है तथा उक्त घटना में शामिल अभियुक्त राहुल चौधरी थाना हाथरस गेट से दुष्कर्म के अभियोग में पूर्व से जेल निरुद्ध है । एक बुलैरो गाडी संख्या UP 87 T 0749 चोरी की गई को 24.07.2024 को ग्राम नन्दरामगढ़ी के पास से बरामद किया जा चुका है। गिरफ्तारी करने वाले पुलिस टीम के नाम प्रभारी निरीक्षक श्याम सिंह मय टीम थाना सासनी, निरीक्षक गिरीश गौतम प्रभारी एसओजी टीम जनपद हाथरस मय टीम है।

राजकीय सम्प्रेक्षण गृह, किशोर, मथुरा का जनपद न्यायाधीश, हाथरस सतेन्द्र कुमार द्वारा निरीक्षण किया

हाथरस। राजकीय सम्प्रेक्षण गृह, किशोर, मथुरा का जनपद न्यायाधीश सतेन्द्र कुमार द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हाथरस के अपर जनपद न्यायाधीश, सचिव, प्रशान्त कुमार एवम् मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, हाथरस संजीव कुमार त्रिपाठी के साथ औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय राजकीय सम्प्रेक्षण गृह, किशोर, मथुरा के प्रभारी अधीक्षक, केयर टेकर हरीशचन्द्र एवं अन्य कर्मचारगण उपस्थिति मिले। जनपद न्यायाधीश, सतेन्द्र कुमार द्वारा प्रभारी अधीक्षक राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर, मथुरा से किशोरों के सम्बन्ध में जानकारी ली। प्रभारी अधीक्षक द्वारा बताया गया कि राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर में कुल 39 किशोर निरूद्ध हैं, जिनमें जनपद हाथरस के 19 किशोर है। जनपद न्यायाधीश, सतेन्द्र कुमार द्वारा राजकीय सम्प्रेक्षण गृह, किशोर, मथुरा में रह रहे किशोरों से बातचीत की गयी तथा उनके खान–पान, स्वास्थ्य, चिकित्सा सुविधा आदि के बारे में पूछा गया, तो किसी भी किशोर द्वारा अपनी किसी भी समस्या से अवगत नहीं कराया गया। इसके अतिरिक्त संप्रेषण गृह में किशोरों को कौशल विकास योजना के अंतर्गत कार्य सिखाया जा रहा है। निरीक्षण के समय सम्प्रेक्षण गृह की साफ–सफाई की व्यवस्था के सम्बन्ध में देखा गया तो सम्प्रेक्षण गृह में साफ–सफाई पर्याप्त अवस्था में पायी गयी। प्रभारी अधीक्षक को बाल सुधार गृह की साफ सफाई रखने किशोरों के खाने पीने की व्यवस्था एंव स्वास्थ्य के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी तथा जनपद हाथरस से सम्बन्धित किशोरों के सम्बन्ध में विवरण तलब किया गया और प्रभारी अधीक्षक को निर्देश दिये गये कि यदि किसी किशोर को विधिक सहायता की आवश्यकता हो तो वह अपना आवेदन पत्र देकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हाथरस से निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकता है।

डीएम की अध्यक्षता में उद्योग बन्धु बैठक 24सितम्बर

कोलिखे शिलापट्ट से टकराई कार, मुकदमा दर्ज

अलीगढ़ जिलाधिकारी विशाख जी0 की अध्यक्षता में 24 सितम्बर को सांय 04:30 बजे कलैक्ट्रेट सभागार में जिलास्तरीय उद्योग बन्धु की बैठक आहुत की जाएगी।संयुक्त आयुक्त उद्योग बीरेन्द्र कुमार ने उक्त जानकारी देते हुए संबंधित अधिकारियों से आव्हान किया है कि वह गत बैठक की अनुपालन आख्या समेत निर्धारित समय व स्थान पर बैइक में स्वयं प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

हरदुआगंज में दिलीप तिराहे के पास सड़क पर कार खड़ी कर दंपती को लूटा

थाना हरदुआगंज
जनपद अलीगढ़

हरदुआगंज । 19 सितंबर की रात करीब साढ़े दस बजे दिलीप तिराहे के पास बीच सड़क पर कार खड़ी कर बदमाशों ने एक बाइक को रोका। तमंचे दिखाकर बाइक सवार दंपती के पास से छह हजार रुपये और आभूषण लूट लिए। इसके बाद आलमपुर गांव के रास्ते की ओर भाग निकले। पुलिस की जांच में एक सीसीटीवी फुटेज में कार नजर आई है।

बिजली का तार जोड़ने को लेकर विवाद, झगड़े के पांच आरोपी गिरफ्तार

थाना सादाबाद पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि कजरौठी में बिजली का तार जोड़ने को लेकर दो पक्षों में विवाद के उपरान्त झगड़ा हो गया । पुलिस ने झगड़ा करने वाले लोगों के विरूद्ध थाना सादाबाद अभियोग पंजीकृत किया।20 सितंबर की रात्रि में थाना सादाबाद पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि कजरौठी में बिजली का तार जोड़ने को लेकर दो पक्षों में विवाद के उपरान्त झगड़ा हो गया । पुलिस ने झगड़ा करने वाले लोगों के विरूद्ध थाना सादाबाद अभियोग पंजीकृत किया। 21 सितंबर को थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।सीओ हिमांशु माथुर ने बताया कि सादाबाद पुलिस ने मारपीट और पथराव करने के आरोपी रा. जवीर सिंह, सत्यप्रकाश, अजय, योगेंद्र व नीरज कुमार निवासीगण ग्राम कजरौठी को गिरफ्तार किया है।

डीएम ने अतरौली सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसमस्याओं का कराया निराकरण

अलीगढ़ । जिलाधिकारी विशाख जी0 की अध्यक्षता में अतरौली तहसील के एनैक्सी सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतकर्ताओं की समस्याओं का समाधान कराया गया। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण समाधान समेत अन्य दिवसों व माध्यमों से सड़क, खड़ंजा, नाली, चकरोड, विद्युत बिल, विभिन्न प्रकार की पेंशन एवं आवास से संबंधित समस्याएं प्रमुखता से प्राप्त होती हैं, यदि इस प्रकार की शिकायतों से जुड़े अधिकारी स्वप्रेरित होकर अपने–अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें तो सम्पूर्ण समाधान दिवसों की आधी से ज्यादा समस्याओं का निदान हो जाएगा। उन्होंने जिला व तहसील स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक दिन कार्यालय में उपस्थित रहकर जनसुनवाई कर आगंतुकों की समस्याओं का समाधान कराना सुनिश्चित करें, यदि किसी समस्या का निस्तारण उच्चाधिकारी के स्तर से होना है तो तत्काल अवगत कराएं। राजस्व एवं भूमि संबंधी मामलों में पुलिस व राजस्व कार्मिकों की संयुक्त टीम गठित कर मौका–मुआयना कर उभयपक्षों की मौजूदगी में समस्या का निस्तारण किया जाए।तहसील परिसर में सामुदायिक शौचालय की बेहतर संचालन, जल संयोजन एवं उचित रख–रखाव न होने की शिकायत का संज्ञान लेते हुए डीएम ने नगरपालिका के सहायक अभियंता जलकल अजीत यादव को जिम्मेदारियों का पालन न करने पर वेतन आहरण पर रोक लगाने एवं ईओ अतरौली वंदना शर्मा का स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी नोडल अधिकारियों में गौशालाओं का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के साथ ही अन्तर्विभागीय समन्वय कर समस्या निस्तारण के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 39 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से राजस्व की 10,विद्युत की 09, पुलिस की 07, विकास की 04, समाज कल्याण की 03, शिक्षा व खाद्य रसद की 02–02 एवं चकबंदी व पीडब्लूडी की 01–01 शिकायतें रहीं। प्राप्त शिकायतों मेंसे 05 का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया।इस अवसर पर सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, एडीएम पंकज कुमार, सीएमओ डॉ0 नीरज त्यागी, एसडीएम अतरौली साहिल कुमार, सीओ अतरौली संजना सिंह, डीडीओ आलोक आर्या, पीडी डीआरडीए भाल चन्द त्रिपाठी, डीसी एनआरएलएम दीनदयाल वर्मा, डीपीआरओ धनजंय जायसवाल, तहसीलदार गोपाल सिंह समेत अन्य जिला व तहसील स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

अलीगढ़ जिला अस्पताल फिजिशियन–टेक्नीशियन न होने पर धूल फांक रहे वेंटिलेटर, सात वेंटिलेटर, तीन बंद

अलीगढ़ जिला अस्पताल में रखे तीन वेंटिलेटर धूल फांक रहे

अलीगढ़ । मलखान सिंह जिला अस्पताल में कुल सात वेंटिलेटर हैं। जिसमें दो ओटी में और दो वेंटिलेटर वीआईपी वार्ड में लगे हैं। बाकी तीन वेंटिलेटर पर्याप्त स्थान, टेक्नीशियन और फिजिशियन के अभाव में धूल फांक रहे हैं। अगर इनका संचालन शुरू हो जाए, तो मरीजों को इसकी सुविधा का लाभ मिल सकेगा। अलीगढ़ जिला अस्पताल में रखे तीन वेंटिलेटर धूल फांक रहे हैं। फिजिशियन और टेक्नीशियन की कमी के कारण इनका संचालन बंद है।वहीं इनके संचालन के लिए जगह का भी अभाव है।इसके लिए विभाग को कई बार पत्र भेजे गए, लेकिन कोई निर्णय नहीं हो सका। नतीजा यह कि मरीजों के इलाज में बेहतरी की उम्मीदें यहां परवान नहीं चढ़ पा रही हैं। मलखान सिंह जिला अस्पताल में कुल सात वेंटिलेटर हैं। जिसमें दो ओटी में और दो वेंटिलेटर वीआईपी वार्ड में लगे हैं। बाकी तीन वेंटिलेटर पर्याप्त स्थान, टेक्नीशियन और फिजिशियन के अभाव में धूल फांक रहे हैं। अगर इनका संचालन शुरू हो जाए, तो मरीजों को इसकी सुविधा का लाभ मिल सकेगा।कोरोना काल में वेंटिलेटर के लिए पूरे प्रदेश अफरा–तफरी की स्थिति थी।मरीजों की जान बचाने के लिए शासन स्तर से सरकारी अस्पतालों में वेंटिलेटरों की सुविधा मुहैया कराई गई थी।लेकिन,संसाधन और स्टाफ की कमीके कारण ये मशीनें बंद है।,टिलेटर के संचालन को लेकर कई बार पत्राचार किया गया है। स्टाफ की कमी की वजह से इसका संचालन नहीं हो पा रहा है।–डॉ. जगवीर वर्मा, सीएमएस। संचालन के लिए इनकी पड़ेगी जरूरत इन मशीनों के संचालन के लिए फिजिशियन, एनेस्थेटिस्ट, स्टाफ नर्स, मेडिकल ऑफिसर, लैब टेक्नीशियन की जरूरत है। जिला अस्पताल में काफी समय से फिजिशियन और टेक्नीशियन के पद खाली हैं। दो एनेस्थेटिस्ट जिला अस्पताल में पहले से ही मौजूद हैं। अगर टेक्नीशियन और फिजीशियन की तैनाती हो जाए तो जीवन रक्षक मशीनें क्रियाशील हो जाएंगी।

किसी काम के नहीं अलीगढ़ के जनप्रतिनिधिरू मंत्री, सांसद और विधायक थोड़ी भी आवाज उठाते तो ये हालात सुधर जाते

बरसात में अलीगढ़ के माननीयों के घरों को जाने वाले रास्ते बंद हो जाते हैं। सड़कें ऐसी हैं कि पैदल निकलने को भी किनारा तलाशना पड़ता है। अब तो पब्लिक भी कहने लगी है कि जब यह लोग अपने घर को जाने वाला रास्ता नहीं बनवा सकते तो इनसे दूसरे इलाकों में विकास की क्या उम्मीद की जा सकती है।मंत्री, सांसद, छह विधायक, तीन एमएलसी, महापौर और जिला पंचायत अध्यक्ष समेत पब्लिक के कई नुमाइंदे अलीगढ़ शहर में रहते हैं। लेकिन आप पूरे शहर को छोड़ दीजिए हमारे यह जनप्रतिनिधि अपने आसपास के इलाकों में भी सुधार नहीं करवा पा रहे हैं। बरसात में इन माननीयों के घरों को जाने वाले रास्ते बंद हो जाते हैं। सड़कें ऐसी हैं कि पैदल निकलने को भी किनारा तलाशना पड़ता है। अब तो पब्लिक भी कहने लगी है कि जब यह लोग अपने घर को जाने वाला रास्ता नहीं बनवा सकते तो इनसे दूसरे इलाकों में विकास की क्या उम्मीद की जा सकती है।सड़कों पर गड्ढों को भरवाया जा रहा है। बारिश के बाद सड़कें और दुरुस्त करायी जाएंगी। इसके लिए शहर की सड़कों का चिन्हांकन कराया जा रहा है। इसकी रिपोर्ट तैयार होते ही टेंडर निकाल दिए जाएंगे। जिसके बाद गड्ढों को भरने का काम शुरू कर दिया जाएगा।

दरोगा–रिमांड मजिस्ट्रेट प्रकरण जांच रिपोर्ट पर लगीं सभी की निगाहें, एक दूसरे पर लगाए आरोपों की जांच हुई तेज

अलीगढ़ के बन्नादेवी थाने में तैनात दरोगा और एक न्यायिक अफसर द्वारा एक दूसरे पर लगाए गए आरोपों की जांच तेज हो गई है। जिला जज व एसएसपी के स्तर से जांच की जा रही है। अब सभी की निगाहें जांच रिपोर्ट के बाद आने वाले निर्णय पर टिक गई हैं।पूरा घटनाक्रम 16 सितंबर का है। बन्नादेवी पुलिस ने पांच वाहन चोरों को आठ दो पहिया वाहनों के साथ पकड़ा था। इन सभी आरोपियों को रसलगंज चौकी प्रभारी सचिन कुमार रिमांड मजिस्ट्रेट के समक्ष पेशी के लिए लेकर पहुंचे थे। दरोगा सचिन कुमार ने आरोप लगाया कि उन्हें रात दस बजे तक वहां रोके रखा गया। कई बार न्यायिक अधिकारी ने अपने कक्ष में बुलाकर अभद्रता करते हुए धमकाया। इससे वह दुखी हो गया और आत्महत्या करने के लिए रेलवे ट्रैक पर पहुंच गया। मगर, इलाका पुलिस ने दरोगा को ऐसा करने से पहले ही पकड़ लिया।दूसरे दिन 18 सितंबर को रिमांड मजिस्ट्रेट के आदेश पर रिमांड रिपोर्ट भी एसएसपी व सीजेएम को भेजी गई। न्यायिक अधिकारी ने अपनी रिमांड रिपोर्ट में विधिक सवाल पूछे जाने पर दरोगा पर उल्टे अभद्रता करने और धमकी देकर न्यायालय परिसर से चले जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने दरोगा के इस व्यवहार को न्यायालय की अवमानना भी माना है। रिमांड रिपोर्ट के बाद दोनों ओर से जांच कराई जा रही है। जिसके बाद अब इस मामले में कार्रवाई तय होगी। हालांकि रिमांड रिपोर्ट के आधार पर न्यायालय की अवमानना की कार्रवाई की अधिक संभावना है। एसपी सिटी मृगांक शेखर पाठक ने बताया कि प्रकरण में जांच अभी जारी है। इसके बाद ही अग्रिम कार्रवाई तय होगी।

दरोगा की जांच कराकर हो सख्त कार. ´वाई

दि अलीगढ़ बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव योगेश सारस्वत एडवोकेट ने दरोगा व न्यायिक अधिकारी प्रकरण में कहा है कि प्रथमदृष्टया यह दरोगा की लापरवाही प्रतीत हो रही है। इसमें सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन नहीं किया गया है जो न्यायालय की अवमानना की श्रेणी में आता है। अलीगढ में रिमांड के समय ऐसा नाटक कभी पुलिस ने नहीं किया है। दरोगा ने पुलिस की छवि को भी धूमिल किया है और न्याय के कार्य में बाधा उत्पन्न की है। जो गंभीर अपराध की श्रेणी में है। उन्होंने मांग रखी है कि दरोगा की जांच

होम्योपैथिक मेडिकल एंड हॉस्पिटल में मानसिक उत्पीड़न का आरोप, नारेबाजी

आरोप लगाया कि मैस में मिलने वाले खाने की गुणवत्ता बेहद खराब है। छात्र बीमार पड़ रहे हैं। अगर बच्चे खुद खाना बनाते हैं तो हॉस्टल से निष्कासित करने की धमकी दी जा रही है। छात्रावास में झाडियां उगी हुई हैं। आए दिन विषैले कीट व जंतु हॉस्टल में घुस जाते हैं।

होम्योपैथिक मेडिकल एंड हॉस्पिटल के छात्र–छात्राओं ने 20 सितंबर को कलेक्ट्रेट में एडीएम सिटी को 20 सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन दिया। उन्होंने प्रबंधन पर मानसिक उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। कहा है कि प्रधानाचार्य व शिक्षकों द्वारा गाली–गलौज करते हुए बच्चों को कॅरिअर खराब करने की धमकी कक्षा में दी जा रही है। आरोप लगाया कि एक–एक छात्र को निशाना बनाया जा रहा है। छोटी–छोटी बातों पर निष्कासित कर उनका भविष्य खराब करने की धमकी देने का भी आरोप लगाया। छात्राओं ने कहा कि मैस में मिलने वाले खाने की गुणवत्ता बेहद खराब है। छात्र बीमार पड़ रहे हैं। अगर बच्चे खुद खाना बनाते हैं तो हॉस्टल से निष्कासित करने की धमकी दी जा रही है। छात्रावास में झाडियां उगी हुई हैं। आए दिन विषैले कीट व जंतु हॉस्टल में घुस जाते हैं। छात्रावास में आए दिन छापेमारी कर खानेपीने की वस्तुओं, कपड़ों, बैग की तलाशी ली जाती है। बीमार होने पर उन्हें बाहर से दवा लाने की भी इजाजत नहीं है। एडीएम सिटी अमित कुमार भट्ट ने कहा कि छात्र–छात्राओं की समस्याओं का समाधान कराने के साथ ही उनके द्वारा लगाए आरोपों की जांच कराई जाएगी।

मारपीट के मामले में छात्र को दिया कारण बताओ नोटिस, नहीं दे पाया संतोषजनक जवाब, किया निलंबित

अलीगढ़ । मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) में मारपीट के मामले में एक छात्र को निलंबित कर दिया गया है। उसने बाहरी युवकों के साथ एक छात्र से मारपीट की थी। पीजीडीबीएम प्रथम वर्ष के छात्र नबील बिन शकील ने मारपीट की शिकायत कॉमर्स डिपार्टमेंट के चेयरमैन से की थी। नबील के अनुसार, 11 सितंबर को शाम 4:15 बजे वाणिज्य विभाग के पास पीजीडीबीएम प्रथम वर्ष के छात्र अब्दुल्लाह शकील ने कुछ बाहरी युवकों के साथ उससे मारपीट की। जिससे उसके चेहरे और सिर में चोटें आईं। उपचार जेएन मेडिकल कॉलेज में हुआ।इस मामले में कॉमर्स डिपार्टमेंट के निदेशक ने छात्र अब्दुल्लाह को कारण बताओ नोटिस जारी किया, लेकिन वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। इसके बाद यह प्रकरण अनुशासन समिति के समक्ष रखा गया। इस संबंध में कार्यवाहक कुलपति प्रो. सैयद अली नवाज जैदी ने बताया कि कुलपति की संस्तुति पर छात्र अब्दुल्ला को निलंबित कर दिया गया है।